Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

235

F(27)/RTU-EXAM/COE/D/13th Convocation/2024/ 2597 Dated: 25-5-24

अति–आवश्यक

प्राचार्य / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
कोटा (राज0)

विषय :–विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षान्त समारोह–2024 की वरीयता सूची (merit list) के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

सन्दर्भः– विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र कमांक 1654 दिनांक 04.05.2024।

महोदय,

माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर से प्राप्त निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 06 जुलाई 2024 को आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह–2024 की वरीयता सूची (merit list) निम्नानुसार तैयार की गई है :–

I. **<u>बी.टेक. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम</u>** :– बी.टेक. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम की वरीयता सूची विद्यार्थियों द्वारा सभी सेमेस्टरों में प्राप्त किए गए वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। अतः वरीयता सूची में विद्यार्थियों की स्थिति समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको के अनुसार देखी जाए, न कि CGPA के परिवर्तित प्राप्तांको के प्रतिशत के अनुसार।

II. **<u>बी.आर्क. पाठ्यक्रम</u>** :– बी.आर्क. पाठ्यक्रम में CBCS योजना लागू नही है, इसलिए इस पाठ्यक्रम की वरीयता सूची स्वतः ही समस्त सेमेस्टरों के प्राप्तांको के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है। नियमानुसार वरीयता सूची में बेक पेपर एवं ग्रेस प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी सम्मिलित नही होगें।

III. **<u>एम.बी.ए. पाठ्यक्रम</u>** :– एम.बी.ए. पाठ्यक्रम की वरीयता सूची भी समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। एम.बी.ए. पाठ्यक्रम स्कीम के अनुसार चारों सेमेस्टरों में ऑडिट कोर्स (audit course) केवल अर्हकारी (qualifying) है। अतः ऑडिट कोर्स के प्राप्तांक वरीयता सूची में सम्मिलित नही किये गये है। साथ ही एम.बी.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में SODECA भी अर्हकारी (qualifying) है जिसके प्राप्तांक भी वरीयता सूची में सम्मिलित नही किये गये है। अतः वरीयता सूची में विद्यार्थियों की स्थिति का उक्तानुसार अवलोकन किया जाए।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

934

IV. **एम.टेक. पाठ्यक्रम** :– विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार सत्र 2021–22 में एम.टेक. पाठ्यक्रम नामांकित विद्यार्थियों के लिए एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर हेतु निर्धारित लघु शोध प्रबन्ध (Dissertation) दिनांक 30.04.2024 तक जमा करवाने एवं उनका Viva-Voce दिनांक 30.06.2024 तक सम्पन्न होने वाले विद्यार्थियों को नियमानुसार वरीयता सूची में सम्मिलित किया जावेगा। एम.टेक. पाठ्यक्रम की वरीयता सूची समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। एम.टेक. पाठ्यक्रम स्कीम के अनुसार द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में ऑडिट कोर्स (audit course) केवल अर्हकारी (qualifying) है। अतः ऑडिट कोर्स के प्राप्तांक वरीयता सूची में सम्मिलित नही किये गये है।

नोट :– **नियमानुसार वरीयता सूची में ऐसे विद्यार्थी जिन्होने अपनी डिग्री बेक परीक्षा (Back Exam), ग्रेस अंक (Grace Marks) एवं पाठ्यक्रम अंतराल (Course Gap) लेने के उपरान्त पूर्ण की है, उन्हें वरीयता सूची में शामिल नही किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक 10638 दिनांक 11.03.2024 का अवलोकन करने का श्रम करें।**

अतः सभी योग्य विद्यार्थियों को इस सम्बन्ध में अवगत करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का श्रम करें। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं पोर्टल के सतत सम्पर्क में रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर